NEWS CLIPPING: 11.01.2017

NAVBHARAT TIMES

सम्मेलन आज से

वस, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के विवेकानंद मंच की ओर से स्वामी विवेकानंद की 154वीं जयंती के उपलक्ष्य में 11 एवं 12 जनवरी को युवा सम्मेलन-2017 आयोजित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद जयंती को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। सम्मेलन में अन्य शिक्षण संस्थानों से भी स्टूडेंट हिस्सा ले रहे हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन वाइस चांसलर प्रो.दिनेश कुमार करेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन के दौरान युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं शिक्षाओं पर चर्चा होगी।

NEWS CLIPPING: 11.01.2017

HINDUSTAN

वाईएमसीए में दो दिवसीय युवा सम्मेलन आज से

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विवेकानंद मंच की ओर से स्वामी विवेकानंद की 154वीं जयंती पर बुधवार को दो दिवसीय युवा सम्मेलन की शुरुआत होगी। सम्मेलन में कई संस्थानों के छात्र हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे। पहले दिन युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के जीवन,शिक्षा व भारतीय जीवन दर्शन पर चर्चा होगी। इस दौरान स्वामी स्वासमवेदयानंद तथा और दिलीप केलकर मुख्य वक्ता रहेंगे।

NEWS CLIPPING: 11.01.2017

DAINIK JAGRAN (01.01.2017)

कैशरहित लेनदेन के लिए किया प्रेरित

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद: वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों ने डिजिटल लेनदेन को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आसपास लोगों विशेष रूप से छोटे दुकानदारों को कैश रहित लेनदेन की प्रक्रिया के बारे में बताया। इसे अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

विश्वविद्यालय के निदेशक, युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी ने बताया कि कैशलेस जागरूकता का अभियान एनएसएस विंग की ओर से चलाया गया है, जिसमें 50 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे है। अभियान के तहत विद्यार्थी डिजिटल लेनदेन की विधियों का पर्चा के माध्यम से प्रचार कर रहे है और लोगों को मोबाइल एवं कार्ड के माध्यम से लेनदेन से फायदों की जानकारी दे रहे है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि देशभर में प्रत्येक स्तर पर विकसित की जा रही डिजिटल लेन-देन प्रणाली एक अच्छी पहल है जो देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में वरदान साबित होगी।

- **वाइएमसीए विवि के छात्रों ने चलाया अभियान**
- **कार्ड से खरीदारी करने का समझाया फायदा**

दुकानदारों को डिजिटल लेन-देन की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।